(c) At present no new section in the State of Rajasthan qualifies for electrification due to low traffic densities.

None of the ongoing projects in 1993-94 and 1994-95 fell in the State of Rajasthan. In 1995-96 also no project falls in Rajasthan. Accordingly, no provision was made for Rajasthan in all these 3 years for Railway Elctrification.

हबीबगंज रेलवे स्टेशन के लिये स्वीकृत राशि

3775. **श्री राधवजी:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1994-95 में हबीबगंज (भोपाल) रेलवे स्टेशन के विकास तथा प्लेटफार्म के निर्माण और विकास के लिये कितनी धनराशि स्वीकृत की गई थी ;

(ख) उपरोक्त राशि में कितनी राशि 31 मार्च, 1995 तक खर्च की गई थी ;

(ग) उपरोक्त कार्य अब तक कितना संपन्न हुआ है तथा इसके कब तक पूरा कर लिये जाने की संभावना है ; और

(घ) उपरोक्त कार्य को पूरा करने में विलंब के क्या कारण हैं?

रेल मंत्री (श्री सी.के. जाफर शरीफ) : (क) हबीबगंज टर्मिनल के लिये स्वीकृत की गई कुल राशि 7.9 करोड़ रुपये है । इसमें से 1994-95 में 2.00 करोड़ रुपये के परिव्यय की व्यवस्था थी ।

(ख) 31-3-1995 तक इस कार्य पर खर्च की गई कुल राशि 7,74, 92,000/ रू० है ।

(ग) और (घ) कार्य पूरा होने वाला है तथा 24-10-94 को इस टर्मिनल को पहले ही आंशिक रूप से खोल दिया गया है । अतिक्रमणों को हटाने में होने वाले विलंब के कारण शेष कार्य रूका हुआ है । अतिक्रमणों को हटाने के लिये मध्य प्रदेश सरकार से पत्र व्यवहार किया जा रहा है । अतिक्रमणों को हटाने के बाद छः महीनों के भीतर इस कार्य को पूरा कर लिया जायेगा ।

दिल्ली से मुजफ्फरपुर के बीच गाड़ी का चलाया जाना

3776. **श्री रामगोपाल यादव :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली से मुजफ्फरपुर के बीच नई रेलगाड़ी चलाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो इसे कब तक चलाये जाने की संभावना है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्री (श्री सी.के. जाफर शरीफ) : (क) और (ख) जी, हां । 1995-96 के दौरान नई दिल्ली और वाराणसी/ मुजफ्फरपुर के बीच एक एक्सप्रेस गाड़ी चलाने का प्रस्ताव है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

विदिशा रेलवे स्टेशन पर विश्राम कक्ष का निर्माण किया जाना

3777. **श्री राघवजी :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य रेलवे के विदिशा रेलवे स्टेशन पर विश्राम कक्ष के निर्माण का प्रस्ताव भोपाल डिवीजन के सांसदों की बैठक में चर्चा हेतु लाया गया था;

(ख) यदि हां, तो क्या विदिशा के पर्यटन महत्व को देखते हुये इस प्रस्ताव को स्वीकार किया जायेगा;